दूसरी चीज मैं मद्य निषेध के सम्बन्ध में कहना चाहता हूँ। गांधीजी ने आदेश दिया था कि इस देश में मद्य सेवन बन्द होना चाहिए। आजादी के बाद देश में मद्य निषेध हुआ। लेकिन बड़े दुख की बात है कि अब बहुत सी सरकारों ने मद्य-निषेध की अपनी कार्रवाई को स्थगित कर दिया है। मद्य निषेध के सम्बन्ध में ढीलापन कर दिया है। कहते हैं कि लोग इसको मान नहीं रहे हैं, इसलिए इसको ढीला किया जाये। मैं प्रार्थना करूंगा कि इसके लिए ऐसी व्यवस्था हो ताकि मद्य निषेध के मामले में कड़ाई हो। हमने सारे संसार में देखा है कि जो पैसे वाले लोग होते हैं वह कानून न रहने पर मद्य सेवन के सम्बन्ध में, भिखारी बन गये है। अगर हमारे देश में इसके लिये छूट दी गई तो हमारे अनुसूचित जाति के लोग और भी गरीब हो जायेंगे।

इस के बाद मैं अस्पृश्यता निवारण के सम्बन्ध में कुछ सुझाव देना चाहता हूँ। अस्पृश्यता का निवारण कानून के द्वारा ही नहीं हो सकता है। इस के लिए मानसिक तैयारी भी करनी चाहिए। प्रचार के साथ कुछ चीजें और भी की जा सकतीं हैं। नौकरियों के सम्बन्ध में यह किया जा सकता है कि जो जाति-बन्धन तोड़क संस्था को मानते हैं, जो जाति के बन्धन से ऊंचा उठकर अपना विवाह दूसरी जातियों में रचाते हैं उनको प्रमोशन दिया जाये, ऊंची जगहें दी जायें ताकि जाति-पांति के बन्धन तोड़ने में मदद हो सके।

साथ ही सर्वमिश्रित आबादी हो यह न हो कि हरिजनों को गांवों के बाहर बसाया जाये। उन की आबादी गांवों के अन्दर ही बाहर नहीं होनी चाहिये, और जो सवर्ण लोग उनके साथ रहते हैं उनको मदद दी जाये जिसमें वह सब लोगों के साथ मिल कर बैठ सकें।

इसके अलावा जो बसतिगृह हैं, अर्थात होस्टल्स, स्कूलों और कालेजों के, वहां पर इन लोगों को ज्यादा रहने का अवसर देना चाहिए जिस में कि सारे लोग एक साथ मिल कर बैठ सकें। जो भी इस तरह के बसतिगृह हैं उनमें हरिजनों का परसेंटेज निश्चित कर दिया जाना चाहिए।

इसके बाद हरिजनों की घरों की समस्या है। हम देखते हैं कि जगह-जगह हाउसिंग सोसायटियां बनती हैं वे मिल्स हों, हरिजनों के घरों की बुरी अवस्था है। उनकी ओर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। बहुत जगहों पर उनके घर जल जाते हैं, बरसात में गिर जाते हैं और उन के बच्चों को तक्लीफ होती है। मैं समझता हूं कि यह लाजिमी कर दिया जाना चाहिए कि हरिजन मकान खुला नहीं रहेगा। अगर इसके लिए आवश्यकता हो तो कानून बनाया जा सकता है। साथ ही सरकार को मकान बनाकर उनको उनमें बसाना चाहिए।

हमारे देश में जितना भूदान होता हैं या ग्रामदान होता है, उसके सम्बन्ध में हरिजनों की तरफ से पूछना चाहता हूं कि उसका क्या फायदा हरिजनों को होता है? कितने लोगों को जमीनें मिली हैं या घर मिले हैं, इस की छानबीन कर ली जाये। सरकार यह प्रबन्ध कर सकती है यह उनको भूदान से मदद मिले।

आखिर बात यह है कि हमारी प्रगति का मूल्यांकन होना चाहिए और हर साल इस की

[श्री कांबले]

रिपोर्ट तैयार होनी चाहिए कि कितने लोगों को नौकरियां दिलाई गई, कितनों को जगह मिली है, कितनों को जमीन दी गई और कितनी खाली है, तथा कितनी बची हुई जमीन और दी जा सकती है। यह मूल्यांकन प्रति वर्ष होना चाहिए।

SHRIMATI SUSEELA GOPALAN (Ambalapuzha) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the Department of Social Welfare deals with two important items. One deals with the backward classes and the other deals with general social welfare.

We are discussing this after twenty years of Indepedence. You all know that there was report in yesterday's press about the Andhra State Minister making a remark about the Harijans. This I think, is not an isolated instance. It is the culmination of what was taking place in Andhra in the last several months. One after another, so many incidents were brought to our notice. But our Central Ministers did not pay heed to them. A boy was murdered to death; one man was burnt and women ware even asked to walk on the street without clothes. I know our Home Minister has contradicted it. He got a report from the State Government that it is not correct. But after reading the Report of the Comissioner of Scheduled Castes and Scheduled Tribes, I cannot believe the report given by the State Government because in that Report itself it is stated that in 3 or 4 instances, one after another, the report received from the State Government that might be the report they received from the State Department—was proved false. When they went to the State and enquired into that, that report was proved false. The report actually supplied by the State Government was false. So, I cannot believe the report which was given by the Andhra Government.

The Deputy Minister is a lady. It was her duty to go to the spot and enquire into the details of what is taking place. Even after twenty years of Independence, women are asked to walk naked in the street. We cannot even think about it. So many incidents are taking place and, I think, hundreds and thousands of cases are registered against the Harijans and they are talking about armed struggle and all that.

Likewise, you can see in Tripura, in the last so many years, the tribe people evicted from the area where they own their lands. In the name of refugees, they are now in a minority in that area. That is the policy pursued so far. I am sure, if Gandhiji was alive, he would have asked them to take up arms against that policy. That is the policy pursued by them and they all talk big about the backward classes and the welfare of the people.

The Report reveals so many glaring instances in so many parts of the country. In classes, the Harijan students are not allowed to sit with the others. There was an incident in Mysore or Maharashtra State; a lady teacher was beaten by the Head Mistress; that lady was a Harijan. I have read so many such glaring instances. In Panchayat Boards, some Harijan members are not allowed to sit in chairs. When institutions connected with the Government are doing these things, you can take concrete action, but no action is taken. Nearly three thousand incidents have been reported in the report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, But no proper action has been taken in any of these cases.

I think, untouchability is a cogniable offence under the Constisution, but whatever is done against the Harijans and the tribal people is tolerated. If they resist a little, then they talk loudly about armed struggle there. There is no use talking about these things. This is the crux of the problem. I would like to remind the Government that unless and until they give land to the Harijans and the tribal people and to those who have no property rights, there will be no salvation for these people; unless and until that is done, the lot of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes is not going to improve. So, that should be the first step to be taken in this direction, and then, have those welfare programmes and they will have an effect on the people.

Coming to the general welfare, I am very sorry to read in the Report that there

are about 10 million handicapped people in our country. I calculated the amount; I calculated up to Rs. 15 lakhs; it may come to Rs. 20 lakhs at the most. You have no money to spend for the handicapped, but you are giving Rs. 5 crores to Rajas as their Privy Purses. You have no money to spend for these poor people; there are only Rs. 20 lakhs for the 20 million handicapped people.

For so many other items, no money is spent. Even for research work, our Government is saying that no new research institution should be opened because there is no money, and thay have submitted a report to the USA Government and they have to approve it and implement in our country. After 20 years of independence, this is the position. This is a shame to our country.

Coming to the day-to-day work of the Social Welfare Board, in my own State I was a member of the Social Welfare Board for four years. It only helps the upper strata of women; for the lower people, no benefit is done. I had gone to several institutions when I was a member of the Board. If you go, without notice, the institution, you can see the actual position. During those four years, I used to go without notice, and nothing used to be there. If, however, you go with notice, then you can see everything. This is what was actually happening. Lakhs of rupees are sepent on this.

What is the position of the poor employees ? They were turned out; in 1962, there was retrenchment. Even now some of the employees are going to be retrenched. Only when that comes, they come to the State Government. But the State Government have no powers. They have They submitted a concrete proposal to the Central Government, so that they could take it under the State Department.

Now the Central Government say, 'If it is under the State Government, then we are not going to give you the salaries, only the project grant we will give'. Sir, you will understand that if the State Government also co-operate and work, then I think some substantial work can be done in the that field. Now when they say that they can give only the project grant and they are not prepared to give them the salary, I think it is sheer waste of money you are spending on the Social Welfare Board. Unless the entire work of the Social Welfare Board is changed, nothing can be done in our country.

Lastly, I want to point out that there were representations from our State of Kerala that 'Peruvannan', 'Velan' and 'Pullu', a very down-trodden section of the community—they have made a request to you—should be included in the list of Scheduled Castes, but so far nothing has been done by the Central Government. I request the Central Government to look into this matter.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I am glad to point out that several members have sent in slips. They will have a very rare opportunity to speak on the floor of the House because this is the last demand. Therefore I will accommodate some of them but those who have already spoken, not only once but on several occasions, should not take the trouble of speaking.

SHRI A. S. SAIGAL (Bilaspur) : Sir, many of us represent Harijans and Scheduled Castes and it is our moral duty that we should place their grievances before you. I think it is not correct on your part to exclude us.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have not excluded Harijans. These who have not spoken so far should be accommodated as far as possible.

SHRI RAM CHARAN (Khurja) : I request you to extend the time.

MR. DEPUTY-SPEAKER : That is not in my hands. Shrimati Ganga Devi.

श्रीमती गंगा देवी (मोहनलाल गंज) : उपाध्यक्ष महोदय, यह राष्ट्र के लिए और इस सरकार के लिए कितनी बड़ी लज्जा की बात है कि आज बीस साल की आजादी के बाद भी इस सदन में बैठ कर हम हरिजनों की समस्या पर विचार कर रहे हैं। यह समस्या केवल इस लिए पैदा हुई है कि उनका आर्थिक और सामाजिक स्तर इन 20 वर्षों में भी दूसरे उच्च वर्गों के समानान्तर पर नहीं लाया गया। इनको

[श्रीमती गंगा देवी]

पीड़ित किये जाने के समाचार आए दिन अखबारों में आते रहते हैं। आंध्र में, मध्य प्रदेश में, और दिल्ली में भी रोजाना इनको पीड़ित किया जाता है। आंध्र का तो रोजाना कुछ न कुछ समाचार हमारे सामने आ जाती हैं। उन को सभी जगह सताया जा रहा है। इसका विशेष कारण हमारी सरकार की कमजोरी है। अगर हमारी सरकार सख्त कदम उठाये तो किसी भी जगह हरिजनों को मारा न जाए, उनको नाजायज तरीके से सताया न जाए, उन को पीड़ित न किया जाए। अगर सरकार इस तरह के जो अनुचित काम करते हैं उनको यदि सख्त सजा दे तो इस प्रकार की घटनाएं बन्द हो सकती है। लेकिन अपराधियों को सजा नहीं दी जाती है। उन केसों को दबा दिया जाता है। जिन को मारा जाता है उनके साथ सरकार की स्वयं की कोई सहानुभूति नहीं होती है। तालाब में बड़ी मछली छोटी मछली को हमेशा निगल जाया करती है। इसी तरह से कमजोर व्यक्ति मारे जाते हैं, सताये जाते हैं। जिस तरीके से सरकारी मशीनरी चल रही है अगर उसकी यही रफ्तार रही तो कैसे आशा की जा सकती है कि हरिजनों की सामाजिक और आर्थिक रूप से उन्नति हो सकेगी, उनका स्तर ऊंचा उठ सकेगा। इस रफ्तार से तो सौ साल के बाद भी उनका स्तर ऊंचा नहीं उठ सकेगा, उनकी सामाजिक दशा में सुधार नहीं हो सकेगा, उनकी आर्थिक हालत ऊंची नहीं हो सकेगी। बहुत सक्रिय कदम इस सम्बन्ध में उठाने की तत्काल आवश्यकता है।

जहां तक आर्थिक पहलू का सम्बन्ध है हमारे पास सैंकड़ों एकड़ जमीन देश में पड़ी हुई है जो कि हरिजनों को दी जा सकती है लेकिन दी नहीं जा रही है। जमींदारी उन्मूलन के बाद जो जमीनें ली गई थी उनको हरिजनों को दिया जा सकता था। ऐसा अगर किया जाता तो खाद्य समस्या को हल करने में हमें कुछ सहयोग मिल सकता था। इससे गरीबों की गरीबी भी कुछ हद तक दूर होती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जमींदारी उन्मूलन के बाद भी बड़े-बड़े फार्म लोगों के पास हैं, चार-चार दस-दस और बीस-बीस हज़ार एकड़ के फार्म लोगों के पास आज भी हैं। लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है। उनके पास वे जमीनें कहां से आई हैं। आज भूमिहीन किसान, भूमिहीन मजदूर, खेतीहर मजदूर और हरिजन एक-एक इंच भूमि के लिए तरस रहा है, परेशान है। क्या हमारी सरकार जो यहां पर सोशल सिक्योरिटी करती है, जो उनकी सोशल सिक्योरिटी की जिम्मेदार है, कभी इस चीज़ को वहां जा कर देखती है कि देश में क्या हो रहा है हरिजनों का शोषण किस तरीके से हो रहा है—कोई देखने वाला नहीं है। यहां बैठ कर हम स्कीमें बनाते हैं, योजनायें बनाते हैं, बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। यहां बैठकर कर हम बहुत से प्रश्नों का जवाब दे देते हैं, हम लोगों को खुश करने के लिए बड़ी-बड़ी रिपोर्टें आ जाती हैं यह हुआ, वह हुआ, खुश करने वाली सन्तुष्ट करने वाली रिपोर्टें आती हैं, लेकिन ये सब कागजी रिपोर्टें हैं, कोई कहीं जा कर नहीं देखता।

जो सैन्ट्रल गवर्नमेंट है, सैन्टर में हमारे जो लोग बैठे हुए हैं, जिनको हमने वहां बैठाला है, उनको चाहिए कि वे देश के कोने-कोने में जा कर देखें और वास्तविक रिपोर्ट हमारे सामने लायें, हमारे सामने सही रिपोर्ट आनी चाहिए, गलत रिपोर्ट नहीं आनी चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि बहुत सी रिपोर्टें हम लोगों को बहलाने के लिए तैयार की जाती हैं।

हरिजनों की आर्थिक समस्या सुधारने के लिए और उनका सामाजिक स्तर ऊंचा करने के लिए करोड़ों रुपये का बजट हम लोग पास करते हैं। क्या कोई यह कह सकता है क्या कोई इस चीज़ को मन्जूर कर सकता है कि वह सारा रुपया उनके वेलफेयर पर खर्च होता है, उनके आर्थिक विकास परे खर्च होता है। उस

में से पचास परसेन्ट से अधिक रुपया डिपार्टमेंट को मेन्टेन करने पर, अफसरों की बड़ी-बड़ी तनख्वाहों, टी० ए० और डी० ए० पर खर्च हो जाता है। मुश्किल से 1 परसेंट या 2 परसेंट उन के पास जाता है। जिनके लिए आज हम स्कीमें बनाते हैं, योजनाएं बनाते हैं, उनको मालूम भी नहीं है कि हम उनके लिए क्या कर रहे हैं।

देश के अन्दर अगर हम इस असमानता को दूर करें तो एक बहुत बड़ी खाई हम लोगों के बीच में पड़ती है—हरिजन और उच्च वर्ण के बीच में जो खाई है, जब तक उसको दूर करने का प्रयत्न हम नहीं करेंगे, जब तक हम उस को नहीं पाटेंगे इस को सिर्फ सरकार ही पाट सकती है, अगर वह इस काम में दिलचस्पी ले अगर ईमानदारी के साथ उसको पाटने का प्रयत्न करें, तो यह समस्या आसानी से हल हो सकती है।

सरकारी नौकरियों में हरिजनों के साथ पक्षपात किया जाता है। जो शेडयूल्ड कास्ट के कैन्डीडेट होते हैं, उन को ज्यादा क्वालीफाइड होने पर भी रिजैक्ट कर दिया जाता है। कोई न कोई बहाना कर के, उन से कम क्वालीफाइड आदमी को उन जगहों पर रख लिया जाता है। दूर जाने की बात नहीं है—मैं आपको देहरादून का उदाहरण देना चाहती हूं। वहां पर हमारे आयल-एण्ड-नैचुरल गैस कमीशन का हैड आफिस है। वहां पर एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर्ज की 3 रिज़र्व्ड पोस्टें सन1965 में एडवर्टाइज़ हुई थीं, लेकिन आज तक उन पर किसी को नहीं रखा गया हैं। अनेकों चिट्ठियां वहां की यूनियन ने मेहता साहब को लिखीं, लेकिन आज तक उन का सन्तोषजनक उत्तर उन लोगों को नहीं मिला। मुझे सन्देह है कि वे पोस्टें भी इसी तरीके से फिल-अप हो जायेंगी और शेडयूल्ड कास्ट के कैन्डीडेट्स मुंह देखते रह जायेंगे। इस प्रकार की और भी अनेकों बातें हैं।

शिक्षा के सम्बन्ध में मैं खास तौर से कहना चाहती हूं। हमारे लड़के और लड़कियां जो शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उन को सही तरीके से वज़ीफ़ा नहीं मिलता। वे बेचारे एप्लाई करते करते परेशान हो जाते हैं, लेकिन उनको समय पर वज़ीफ़ा नहीं मिलता और अगर मिलता भी है तो साल भर खत्म होने के बाद। इस कारण से जो लड़के और लड़कियां अपने पास से नहीं खर्च कर सकते हैं, वे बीच में ही बैठ जाते हैं। मैं यह चाहती हूं कि यदि उन को देना है, तो ठीक तरह से वज़ीफ़ा दें, समय पर दें, वरना बन्द कर दें। इस प्रकार की भीख हम को नहीं चाहिये। आप हमारे ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं, हम अपना अधिकार मांगते हैं।

स्कालर शिप बोर्ड आफ शेडयूल्ड कास्ट्स एण्ड शेडयूल्ड ट्राइब्स पहिले सैन्टर में होता था। लेकिन अब इस प्रकार के वजीफों का वितरण स्टेट्स के हाथ में कर देने से वहां पर धांधलीबाजी चल रही है। मैं चाहती हूं कि वह स्कोलरशिप बोर्ड फिर से सेन्टर में आये और बच्चों को ठीक तरह से वज़ीफे दिये जायं। वज़ीफे की धनराशि जो पहले निर्धारित की गई थी उस समय इतनी मंहगाई नहीं थी, अब मंहगाई इतनी ज्यादा हो गई है और एजूकेशन इतनी कौस्टली हो गई है कि उस में पूरा नहीं पड़ता। मैं चाहती हूं कि वज़ीफे की धनराशि को बढ़ाया जाय।

अब मैं कुछ सोशल वेलफेयर बोर्ड के बारे में कहना चाहती हूं। कई लोगों ने यहां पर कहा, हमारी बहन सुशीला गोपालन ने भी कहा और मैं भी इस बोर्ड में दो साल रह कर आई हूं—हम देखते हैं कि इस बोर्ड की जो एक्टीविटीज़ हैं, वह शेडयूल्ड कास्ट्स के बीच में बिलकुल नहीं है। लाखों-करोड़ों रुपया खर्च होता है, लेकिन जितनी भी एक्टीविटीज़ हैं, वे उन लोगों में हो रही हैं जो आलरेडी सोशली-वेल-टु-डु है। सोशल वेलफेअर किस पर होना चाहिये? उन लोगों पर जो कि सोशली बैकवर्ड हैं, जो दबे हुए हैं, कुचले हुए हैं, यदि उन का सोशल अपलिफ्ट नहीं होता है, तो इस विभाग का होना बेकार है। इस में जो पैसा खर्च हो रहा

[श्रीमती गंगा देवी]

है, बिलकुल बेकार है, या तो उन लोगों में काम होना चाहिये, जितने भी कन्डेन्स्ड कोर्स हैं, बाल-वाड़ियां हैं, महिला मंगल योजनायें हैं, कहीं भी हरिजन बस्तियों में नहीं चल रही हैं। कोई भी स्कूल आप हरिजन बस्ती में नहीं दिखा सकते, कोई भी कन्डेन्स्ड कोर्स हरिजनों को नहीं दिया गया है, कोई बाल-वाड़ी हरिजनों के बीच में नहीं चल रही है; उन के बच्चे मुंह ताकते रहते हैं, उन के लिये कोई स्कूल नहीं है, कोई खेलने का स्थान नहीं है। इस प्रकार के सोशल वेलफेअर बोर्ड के लिये हम पैसे की मांग करते हैं। यदि यही हालत रही, तो हम इस चीज का विरोध करेंगे, क्योंकि हम क्षेत्र को देखते हैं, हम आम पब्लिक में घूमते हैं, हम पब्लिक वर्कर हैं और हम देखते हैं कि पब्लिक को कितनी तकलीफ हो रही है। आज हरिजन बहुत तरह से कुचले हुए हैं, जब तक उन के लिये विशेष रूप से कोई काम नहीं किया जायगा, तब तक यह सब बेकार होगा।

गांवों में कर्ज लेने की प्रणाली इस प्रकार चलती आ रही है कि जो आदमी किसी जमीदार से या बड़े किसान से पचास रुपये भी ले लेता है, तो वह हमेशा के लिये उस का गुलाम हो जाता है, हमेशा के लिये वह उस के हाथों में बिक जाता है। क्या आज तक कोई ऐसी अर्थ व्यवस्था आपने कायम की है कि जिससे हमारे हरिजनों को इस प्रकार से लेनदेन में या अपनी आर्थिक समस्या को सुलझाने में मदद मिलती हो। मैं चाहती हूं कि उन के लिये रुपये-पैसे के लेनदेन का इन्तजाम गांव में सरकारी तौर पर अवश्य होना चाहिये।

एक विशेष बात मैं और कहना चाहती हूं। आजतक हरिजनों के लिये जोकि इस देश के सैकड़ों सालों से निवासी हैं, उन के हाउसिंग का कोई इन्तजाम नहीं हुआ। उन के रोजगार का अब तक कोई इन्तजाम नहीं हुआ। सरकार ने, जब हमारे देश में शरणार्थी आये, उन के लिये विशेष महकमा खोला और एक निर्धारित समय के अन्दर उन के लिये मकान बनाये, उन को जमीनें मिलीं, उन को रोजगार मिले, हर चीज उन को मिली मेरा मतलब यह नहीं है कि उन के लिये यह सब न किया जाय, उन के लिये अवश्य किया जाय लेकिन अगर हरिजनों के लिये भी आप इसी तरह से करें, तो निर्धारित समय के अन्दर आप इन की समस्याओं को भी हल कर सकते हैं।

एक बात मुझे और कहनी है सन 1952 में शेडयूल्ड कास्ट कमिश्नर ने यह सिफारिश की थी सैन्ट्रल गवर्नमेन्ट हर प्रदेश के अन्दर हरिजनों के लिये जो अनुदान हैं, उस को उनकी आबादी के अनुपात से ईयर-मार्क कर दे और उन के वेलफेअर पर उतना पैसा खर्च किया जाय। लेकिन इस प्रकार का कदम अभी तक किसी प्रदेशीय सरकार ने नहीं उठाया है—इस के लिये आप को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये।

अभी तक पीने के पानी का कोई इन्तजाम नहीं हुआ है। छुआछूत उसी तरह से बरकरार है। हम ने अनटचेबिलिटी रिमूवल के लिये कानून बनाया, लेकिन हम कहीं भी नहीं देखते कि उस का पालन हुआ है। आज भी कुओं पर हरिजनों को नहीं चढ़ने दिया जाता, मन्दिर और धर्मशालाओं में हरिजनों को नहीं जाने दिया जाता—इस चीज की ओर आपको विशेष रूप से देखना है। जब आपने उन के लिये कानून बनाया है तो उस का अवश्य पालन होना चाहिये।

SHRI K. HALDAR (Mathurapur) : The high ideals of social, economic and political justice and equality of status were given to all sections of society in the Constitution. It was further emphasised that the State shall promote with special care the educational and economic interest of the weaker sections of people and in particular, the scheduled castes and scheduled tribes, and shall protect them from social injustice and all forms of exploitation.

Now, we are to scrutinise the pious wishes of the Centre and the States, whether these are implemented or not. On the 8th August 1967, the Centre tasted the first defeat after 20 years of administration on a motion regarding the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. After that setback, two Ministers from the Scheduled Castes and Scheduled Tribes were taken in. To satisfy the members, five zonal offices have come into being with effect from 1 February, 1968.

In the name of reorganisation, some high posts with a large number of staff are functioning in several States, I know some of these officials are against the safeguards for the backward communities. Then how can these oppressed people expect justice from these persons? As a result, year after year, reserved posts are not filled on the flimsy ground that suitable candidates are not available. Only a few white elephants are maintained at the cost of Government.

In the last UF Ministry of West Bengal, the Minister of Tribal Welfare complained that not a single person belonging to these oppressed classes was posted in his department. This state of affairs generally disappoints the people who go for protection from the officers.

I have got innumerable complaints from candidates posted in various departments of Government for being promoted or confirmed in due time. They are even demoted in some cases due to punishment on unknown grounds. I know personally an employee who detected a case of corruption, and the culprit was punished. But the employee was also punished for not reporting the incident to higher authority previously.

Regarding promotions, I quote a circular of the Railway Board which reads :

> "While filling up the post on promotion, however, candidatee of S.C. and S.T. communities should be judged in a sympathic manner and arrangement should be made where necessary, to give to such staff additional training and coaching to bring them up to the standard of others".

But nowhere is the rule followed.

We condemn the South African and American Governments for racialism. But what is happening in our country when we see Harijans burnt alive, when Muslims are butchered here and there in broad daylight. Our Congress Government preaches truth and non-violence but in practice we see that no less a person than a Congress Minister in Andhra implecated in a heinous utterance against Harijans. So to speak of socialist society is only to deceive the people and nothing else.

Baster is a tribal area which is as big as Kerala State. People still live there in a nomadic state ill-fed and unclad, though natural resources are abundant there.

Some factories are established merely to exploit the people as cheap labour. Now they are being retrenched from the factories.

In a capitalist society, it is not possible to ameliorate the grievances of the common people, not to speak of the backward communities. So it is natural that one section will exploit the other sections. Those people are fighting for distribution of land. Land which is not distributed among those people should be immediately distributed.

This will help to improve the economic conditions of these people and place them in civilised society.

The people who work in the fields and factories are mostly Scheduled Caste and Scheduled Tribes. So, if the land if properly distributed and the workers' service conditions are improved, many of the anomalies in society can be removed.

The Government has totally failed in this matter to satisfy only the vested interests. So, if the Government do not come forward in this primary work and try to give some relief, only the people will go forward with their own strength and establish their rights.

SHRI KARTIK ORAON (Lohardaga) : Sir, bats off, to the framers of the Constitution who had framed the Constitution in such a way, that if the provisions of the Constitution had been implemented in the proper way, I think the Scheduled Castes and Scheduled Tribes of India whould have merged in the national life of the country by now, but in the light of the incidents that have recently come to light, the atrocities against the Harijans and of course

[Shri Kartik Oraon]

in different forms against the tribals also, I think that instead of going forward we are going backward. I think that though they should have been things of the past, yet, I am rather shocked and perhaps everybody will be shocked, that this is just a beginning of what is going to happen in India tommorrow. I must say that this is a very sad commentary of the performance of the Social Welfare Department, no matter in what form this has been functioning. It is rather shameful that even after 20 years we are in a state of helplessness and this should shock the conscience of almost every Indian if at all there are Indians in India.

Ours is a secular State in which there is no diserimination made on grounds of caste, creed, religion and belief. But the Government of India have already created a precedent by bringing about a discrimination of religion in the case of Scheduled Castes. Why ? Just to protect a particular community from a more aggressive, vocal and advanced force, i.e., those converted to other religions.

I want to bring to the knowledge of this House that so far as the tribes of India are concerned, the Government have been really very, very hard on them, and I think the Deputy-Speaker will bear with me and he may not be so hard with me today at least. What I am going to say is that there has been a sort of misunderstanding in the minds of the people in this country and perhaps even in the minds of great leaders : they think that the tribes have no religion of their own. In this connection I would like to say that even the British Government were very fair to the tribals because they knew who the tribals were. They knew what the tribals religion was and is. In the Census Report of 1911, there has been a specific mention as to what the tribal religion is and who are the tribes. In that report they have said this : animism has been defined in the Census Report.

> "Animism is the term used to cover the miscellany of superstitions which prevail among primitive tribes in all parts of the world. These tribes are very vague in their religious conceptions but then all agree and believe in the presense on earth of a shadowy crowed of powerful and malevolent beings, who usually have a local habitation in a hill or patch of primeaval forest and who interest themselves in the affairs of men. Illness and misfortune of all kinds are attributed to their influence".

I would like to be very brief. The report further says :

> "There is also a general belief in magic and witchcraft. Wizards are employed to ascertain the cause of troubles and to remove it either by incantation and exorcism or by placating the offended ghostly being by a suitable sacrifice" ; and things of that nature.

> "From that point of view of census, it will suffice to say that animism is used as the name of category to which are relegated, all the pre-Hindu religions of India".

18.00 hrs.

Pre-Hindu religions of India—that is the tribal religion. Many anthropologists, social workers and advocates of tribal welfare say that tribal religions have never been defined. If they are really interested in the tribes, they would have found what tribal religions are. In various parts of the country, the tribes are following the tribal religion.

About the Rengmas, one BDO of Nagaland has written thus :

> "The non-Christains believe—

Importance has been given to the Christians ; that is why, he says "non-Christians"—

> "The non-Christians believe is some other Gods and evil spirits whom they consider inferior to the supreme creator Sunngigu. Special mention can be made of Sungperi—Peri means snake—which is considered to be an evil spirit and harmful to mankind. It is also believed by them that there are some other benevolent spirits (Gods) viz., Byeseginyu, Thokhonyu and Ozurikinyu, who are in charge of crops, hunting and water respectively.

"The Rengmas who follow the traditional religion have belief in superstitions and they believe in evil spirits. If a person falls sick after returning from forest, field or a tour, the family members offer eggs or a chicken on the path by which he or she returned to appease the evil spirit. If the persons is still not cured, the elderly persons sit around his bed, pray for him and advise the family members to sacrifice pigs or Mithun to save the life of the patient. Such beliefs in evil spirits is fast dying away with the conversion to Christianity".

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have to accommodate some more hon. members. He should try to conclude now.

SHRI KARTIK ORAON : The Thangul Nagas of Manipur also profess a traditional religion.

I will just read one passage from a letter written by Mr. Barkataki, the Deputy Commissioner of Kohima, to the noted anthropologist, Dr. Verrier Elwin. It is published in this book *Kamapura* at page 26 :

"The Angami Nagas are now having their big *Sacreni Puja* and I have been thoroughly enjoying myself taking part in their feasts and drinking bouts. It pains me deeply to think that all this colour and vitality are fast disappearing with the conversion of the Nagas to Christianity. I am writing to you about this, because I understood from Harper that you hold similar views. I had the the opportunity of studying the effect of conversion on the Lushais at close quarters. Apart from the denationalising influence of conversion, I feel that it is striking at the roots of a way of life which is no way inferior to any other. I feel that the foreign missionaries in the hills districts are committing a crime against humanity. If I had the authority, I would have sent them away lock, stock and barrel within 24 hours".

What is happening today in Bihar ? We have got in each village big groves of trees. There we have got Sarna Devi. In Madhya Pradesh we have Kher Mai. In Gujarat we have Devi Matha. In Orissa also we have Devi Matha. We worship this Devi Matha yearly and it is, called Sarnah Pooja in Bihar. This worship is done every year Chait, Shukla Paksh 3. What is happening today in Chotta Nagpur. It is here that where the Christains dominate these places of Sarnah places of worship of the adivasis heve been converted into graveyards, The trees in these groves have been cut to build churches. If they did believe in co-existence and religious tolerance they would not have done anything of this nature.

Of late the married tribes after conversion are made to marry, again no matter whether they are 50 years or 60 years old. That means the previous marriage is null and viod. On the one hand they feign to believe in the tribal culture and tradition and on the other they make the converted Christians to marry again. Very recently there was a Sarhul Pooja at the residence of Shri Jaipal Singh. What I want to point out is that this fake religious tolerance should not be a instrument of exploitation. The tribals in India constitute 90 per cent of total tribal population. Those who are converted are 10%, we accept them as our brothers but they should have religious tolerance. Whatever we the tribe get from the Government, 90 per cent of that is being by the christians and we get 10 per cent. We are trying to remove this disparity. Never in the history of India can this disparity be cut down.

I also want that there should be uniformity. There should be no discrimination when you have made a discrimination in the case of Scheduled Castes ; please do it in the case of Schedule Tribes also. If you cannot do that, let there be no Scheduled Castes and no Scheduled Tribes, let there be only one class of Indians. When they get converted,—you pay more attention—you are helping the Christians and not the tribal people. Even IAS officers get converted. That way the whole tribal people will be converted and there would be a big Nagaland. You are worried about 2.5 lakhs in the Nagaland, but this will become a Nagaland of 2,70,00,000. You are putting the tribal people along with that class, that section of people who are not only emotionally linked with the Christians of India but who are

[Shri Kartik Oraon]

connected with the rest of the Christian world. Why do you put a dwarf with a giant and say that you are serving the tribals ? This position has to be removed. I am not saying this because I am against Christianity. I only want to say that we will not be able to help the tribals and to develop them until we introduce equity. Let these people get there due share of help.

श्री शिवचंडिका प्रसाद (जमशेदपुर) : अभी माननीय सदस्य सरहुल पर्व की बात यहां पर कर रहे थे । यह पर्व छोटा नागपुर के आदि-वासी मानते हैं.....

MR. DEPUTY-SPEAKER : No controversy, please.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Why are you not calling Shri Onkar Lal Berwa to speak ?

SHRI SHEO NARAIN : He was called but he was not in the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER : He will get his time, I assure you.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : It is all right that he will get the time ; but every time you change the order.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You are not aware that he was not here when he was called... (*Interruption*)

SHRI SHIV CHANDIKA PRASAD : On a point of information, Sir.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please resume your seat. On that issue you cannot raise a controversy. He expressed certain thoughts, sentiments, emotion or whatever it is. Try to understand him.

18.11 hrs.

[Mr. Speaker *in the Chair*]

SHRI BAIDHAR BEHERA (Jajpur) : **Mr. Speaker, Sir, the discussion on the Social Welfare going on today has been going on for the last twenty years of Congress rule. The discussion is confined only to speeches and no action is taken thereon. Although the main object of this department is to remove untouchability, this department has itself become untouchable amongst other departments, instead of being able to remove untouchability. Nobody takes the decisions of this department into consideration and no other department cares for this department. No department complies with the directions and promises of this department. The conditions prevalent in the State level is worse. Crores of rupees have been granted to this department since its inception, but in effect it has not been able to do anything for those who are meant to be benefitted thereby.

So far no effective economic, social and cultural improvement could be effected for the Harijans and the Adivasis. They still grope in the same darkness as before.

Untouchability, the removal of which is the main constitutional responsibility of this Ministry, is still strong. The Harijans and Adivasis even now continue to be untouchable as in the days past—rather the intensity has become deeper. These neglected classes are still deprived of equal privileges and rights in matters of temple-entry, service in hotels, use of wells etc. A responsible Congress Minister of Andhra Pradesh has loudly proclaimed the treatment that should be meted out to the Harijans. The incident of burning a Harijan boy alive in the same State has often been discussed in this House. I do not want to repeat it. If this be the attitude of the higher classes, the dark future of these oppressed classes and the consequential effect on the social condition of the society as a whole can very well be imagined.

These classes have been suffering in the mater of education. Many pupils of these classes have been deprived of education for want of funds and are now unemployed. The facility of financial help extended to them has been discontinued since the Chinese aggression ; the reason advanced is want of funds due to increase in the expenses on military operations. As a result lakhs of pupils have had to discontinue their edu-

**Translation of speech delivered in Oriya.

cation. The same policy is being followed even now. Those who had received some education have also been deprived of their rightful place in society. This is evidenced by the report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for the year 1966-67. The Home Department of the Union Government had notified in their notification No. 1/4/60 R.P.S. dated 5.3.1960 that the scheduled castes and scheduled tribles would be entitled to reservation of 12% and 5% respectively of posts on all-India basis and to departmental promotion at the rate of 16.2/3% and 5% respectively on the same basis. This quota is not being fulfilled on various pretexts. One of the reasons advanced for this is that the Harijan and Adivasi candidates are unable to compete in all India examinations. Sir, please consider how a Harijan or an Adivasi boy educated in the Ashram or Sevashram School can be a fair competitor against another boy educated in public schools and nurtured by private tutors ? How can both be compared on the same level and from the same standard ? Hence to remove this discrimination either the Ashram or Sevashram schools meant for the Harijan and Adivasi pupils be converted to public schools, or all the other schools be converted to Ashram or Sevashram schools. The justification for such a proposal will be evident from an examination of the standard of education imparted in the Ashram and Sevashram schools in Orissa.

Nothing has been done to improve the economic codition of these classes. Although these classes are mostly engaged in agricultural productions, most of them are landless. It is reported that the extent of surplus land has been determined in the States, but there has been no distribution of such land as yet. In many places the Adivasis have been deprived of their land for accommodating other organisations and colonies. The Adivasis who have been evicted for the resettlement scheme at Dandakaranya have not yet been resettled. The local Adivasis have not been given equal advantage along with the refugees from the scheme.

There have been some paper plans for improving the economic condition of the Harijans and the Adivasis, but instead of any improvement in their conditions, their real income has gone down. They have been neglected in industrial employment and have been forced to work as agricultural labour as before. The condition is in no way an improvement on their condition in the middle ages.

Therefore I oppose the demands of this Ministry.

कुमारी कमला कुजूर (पालामऊ) : अध्यक्ष महोदय, पहले तो मैं आप को धन्यावाद देती हूं कि आप ने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैंने प्रयास तो बहुत दफे किया लेकिन समय नहीं मिल सका। आज थोड़ा समय मिला है, इस लिए मैं आप की आभारी हूं।

आज आजादी मिले हुए बीस साल हुए, लेकिन बहुत अफसोस होता है कि आज हमारी दशा वही की वही बनी हुई है। मैं सोचती हूं कि बीस साल में जितनी प्रगति होनी चाहिये थी वह हो नहीं पाई। बीस सालों में न तो आर्थिक उन्नति की बात हुई, न राजनीतिक और न ही सामाजिक जब हम सामाजिक स्तर पर जाते हैं, तो देखते हैं कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदि जातियों की अवस्था वही है जो पहले थी बल्कि पहले जो थी उससे और भी गिर गई है।

आप आन्ध्र की हालत को देखें। वहां पर महिलाओं की क्या हालत हुई है ? उन्हें नंगा करके घुमाया गया है। बच्चे को जिन्दा जलाया गया है और तरह तरह के अत्याचार हरिजनों पर किये जा रहे हैं। उनकी हत्यायें की जा रही हैं। इन सब बातों को देख कर यही लगता है कि हम आगे बढ़ने के बजाय पीछे जा रहे हैं। सरकार पैसा खर्च तो जरूर करती है लेकिन पता नहीं किस तरह से वह खर्च होता है, क्या उसका सदुपयोग भी होता है या नहीं होता है ? इस तरह की जो घटनायें हो रही हैं इनको आपको सख्ती से रोकना चाहिये।

शिक्षा को आप लें। इन जातियों के लोगों के लिए स्थान सुरक्षित हैं लेकिन जब ये एडमिशन लेने के लिये जाते हैं तो कह दिया जाता

[कुमारी कमला कुमारी]

है कि सीट नहीं है। मैं आपको इतनी ही मिसाल बतलाती हूँ। यह आज की तो नहीं लेकिन काफी पहले की बात है। मैं डबल एम ए करना चाहती थी और मैं इसके लिए एडमिशन लेने गई। मुझे रांची विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार ने कहा कि आप ही क्यों डबल एम ए करना चाहती हैं किसी और को भी मौका दें। अब आप देखें कि रांची डिस्ट्रिक्ट में कोई भी हरिजन छात्रा एम ए पढ़ रही हो, शायद ही आप को यह चीज देखने के लिए मिले। और तब तो कोई थी ही नहीं। लेकिन एक छात्रा जो पढ़ना चाहती भी थी उसको इस तरह की बातें कह कर रोका गया। बाकी जो दूसरे विद्यार्थी हैं उनकी तो बात ही क्या की जा सकती है।

हमारी आर्थिक स्थिति भी बहुत खराब है। जो खेतीहर मजदूर हैं उनको भूमि तो अवश्य दी गई है लेकिन ऐसी भूमि दे दी गई है जोकि बंजर है, जिस में न तो जुताई हो सकती है और न ही खुदाई हो सकती है। नाम के लिए उनको जमीन दे दी गई है लेकिन वास्तव में उसकी कोई उपयोगिता नहीं है। इस तरह की जो बातें हैं इनको कोई देखता ही नहीं है।

संविधान तो बन गया है और उस में अस्पृश्यता को मिटाने के लिए प्रावधान भी कर दिया गया है लेकिन वह सिर्फ किताबों तक ही सीमित हो कर रह गया है। जितना उसे सफलीभूत होना चाहिए था उतना नहीं हो सका है। अगर इन लोगों के साथ अस्पृश्यता बरती जाती है और मामला अदालत में जाता है तो इसको साबित करने के लिए गवाह ही नहीं मिलते हैं। अगर कोई उच्च जाती का व्यक्ति इनके साथ दुर्व्यवहार करता है तो इनको न तो इसको साबित करने के लिए गवाह मिलते हैं और न ही इनके पास इतना पैसा होता है, इतने साधन होते हैं कि ये अदालतों में जा कर केस कर सकें। इनकी कहीं कोई सुनवाई ही नहीं होती है। विधान किताबों तक ही सीमित हो कर रह गया है। उसे विकसित होने का मौका ही नहीं मिल सका है। उस पर अमल ही नहीं आज तक किया जा सका है।

और भी बहुत सी बातें हैं छोटी मोटी जिन की तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। आप देखें किस तरह से इनके साथ अत्याचार होते हैं। कल ही हमारे यहां एक व्यक्ति पालामऊ जिले का आया था। उन के चाचा चौकीदारी का कार्य करते थे। वहीं के एक सम्भ्रान्त व्यक्ति की लड़की ने आत्म-हत्या कर ली। उन्होंने चुपचाप उसे जलाने की कोशिश की। इस चौकीदार ने न्याय प्राप्त करने के लिए थाने में जा कर इसकी रिपोर्ट की। अब आप देखें कि उसको इसका किस तरह से फल भुगतना पड़ा। पन्द्रह दिन के बाद डकैती का केस बना कर उसको उसमें फंसा लिया गया और उसे दस साल की सजा कर दी गई। इस तरह के बहुत से अत्याचार इन पर हो रहे हैं जिनकी ओर हमारा ध्यान नहीं जाता है।

आप रुपया तो देते हैं लेकिन वह रुपया किस मद में खर्च होता है, किधर जाता है यह पता ही नहीं चलता है। अब सरकार सैपेरेट कोलोनीज हरिजनों के लिए या आदिवासियों के लिए बनाने जा रही है। क्या आप समझते हैं इस तरह से अस्पृश्यता मिट सकती है। इससे तो आप अस्पृश्यता को बढ़ावा ही देंगे। अगर आप को अस्पृश्यता को मिटाना है तो आप ऐसा करें कि एक ही कालोनी में पांच प्रतिशत उच्च वर्ग के लोगों को, पांच प्रतिशत निम्न वर्ग के लोगों, पांच प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोगों को, पांच प्रतिशत अनुसूचित आदिम जाति के लोगों को रखें ताकि वे आपस में मिलें और उन में सदभाव पैदा हो, उन में मेलजोल पैदा हो।

आदिम जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों की महिलाओं को कितनी तकलीफ है, इसको भी आपको देखना चाहिये। वे मजदूरी कर सकती हैं, उनके पास शारीरिक शक्ति है लेकिन वे बेरोजगार हैं। उनको कहीं मजदूरी

नहीं मिलती है। वे पिसती जा रही हैं। कई केसेज में तो ऐसा भी हुआ है कि वे गलत रास्ते पर पड़ गई मजबूर हो कर और वे समाज की नजरों में गिर गई। ऐसे काम भी वे कर बैठती हैं जिन के कारण उन पर लांछन लगाये जाने लगते हैं और ये महिलायें अपना जीवन इधर उधर व्यतीत कर रही हैं। अन्त में उन्हें वैश्यालयों की तरफ भी जाना पड़ जाता है। इस वास्ते आपको महिलाओं को रोजगार देने का प्रबन्ध करना चाहिये। आपको ऐसा कुछ करना चाहिये कि वे अपनी मर्यादा को बचाये रख कर काम कर सकें और कोढ़ का टीका उनके सिर पर न लगे।

हरिजनों के लिए नौकरियों में सीट्स तो रिजर्व आपने कर दी हैं लेकिन उन को जगहें मिलती नहीं हैं। पढ़े लिखे भी होते हैं, क्वालिफाइड भी होते हैं, डिजर्व भी करते हैं लेकिन फिर भी उनको नहीं लिया जाता है। उनके लिए साढ़े बारह प्रतिशत सीटें रिजर्व हैं लेकिन कह दिया जाता है कि कोई योग्य व्यक्ति नहीं मिलता है। जब इसकी रिपोर्ट शैड्यूल्ड कास्ट कमिशनर के पास जाती है और बताया जाता है कि कितनी पोस्ट्स भरी गई हैं और कितनी नहीं भरी गई हैं तो वहां इसको रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाता है। मैं आपको दिल्ली के ही एक व्यक्ति की मिसाल देती हूं। एक यहां शैड्यूल्ड कास्ट का लड़का है। वह सैकेंडरी पास है। वह चपरासी के पद पर था। एक आफिस में काम करता था। अफसर उससे घरेलू काम लेना चाहता था। वह चाहता था कि वह कभी कभी सब्जी बब्जी ला दिया करे, कभी कभी बीबी की साड़ियां धो कर दिया करे, पालिस कर दिया करे। बाद में ऐसा हुआ कि इसको तो रिट्रेंच कर दिया गया और एक दूसरे बैकवर्ड क्लासिस के आदमी को रख लिया गया जो उनके घर का काम इत्यादि कर दिया करता था। यह व्यक्ति टाइप भी जानता था लेकिन इसको रिट्रेंच कर दिया गया। सात महीने से यह व्यक्ति यहां दिल्ली में न्याय प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है लेकिन इसको न्याय नहीं मिल रहा है। यह दिल्ली की सड़कों की खाक छानता फिर रहा है। लेकिन इसको नौकरी नहीं मिल रही है। यह जब हालत है तो मैं कैसे कहूं कि सामाजिक तौर पर इनको ऊपर उठाया जा रहा है या कोई ऐसा विभाग या संस्था भी है जो हमारी उन्नति करना चाहती है और हमें आगे बढ़ाना चाहती है। रिपोर्ट तो बड़ी बड़ी छाप दी जाती हैं, दिखावे के लिए तो बहुत कुछ कर दिया जाता है, आश्वासन तो दे दिये जाते हैं लेकिन वास्तव में कुछ होता नहीं है। जितने भी अनुसूचित जातियों के लोग हैं या आदिम जातियों के लोग हैं वे तो इसी आशा में दिन गुजार रहे हैं :

यहि आशा लटकयो रहयो अली गुलाब के मूल
आई है बहुरी बसन्त ऋतु
खिलिहैं इन डारन में फूल

यही हिसाब यहां है। पता नहीं जिन्दगी कब तक है और कब तक चलेगी। कुछ गुजर गई है और कुछ बाकी है। आगे आने वाली जो पीढ़ी है उसकी हालत क्या होगी कुछ पता नहीं। जो पीढ़ी गुजर गई है उसकी हालत थोड़ी अच्छी थी। आने वाली पीढ़ी की हालत क्या होगी, यह कहना बड़ा मुश्किल है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस सब की अच्छी तरह से छानबीन होनी चाहिए। एक अलग से कोई समिति बननी चाहिए। फ्री एजुकेशन का प्रबन्ध होना चाहिए। साथ ही साथ ऐसी कालोनी बननी चाहिए जिसमें उच्च वर्ग के निम्न वर्ग के, आदिम जातियों के, अनुसूचित आदिम जातियों के लोग हों। तभी अस्पृश्यता मिट सकती है। अन्यथा यह कभी नहीं हो सकता है कि इन जातियों के लोगों को आप उन्नति के पथ पर ला सकें।

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : हमने इस अनुसूचित और अनुसूचित आदिम जाति मंत्रालय को ऐसा बना दिया कि जैसे कोई अनाथ बच्चा हो। कभी तो इसको गृह मंत्रालय की गोद में डाल दिया जाता है, कभी प्लानिंग

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

मंत्रालय की गोद में और कभी खाद्य मंत्रालय की गोद में। इसको हम किसी न किसी के साथ चेटे रखते हैं। मैं चाहता हूं कि इसका एक अलग मंत्रालय होना चाहिए ताकि इन लोगों की सुनवाई हो सके, कोई इनकी पूछ ही सके। सतरह करोड़ आबादी शैडयूल्ड कास्ट और शैडयूल्ड ट्राइब्ज के लोगों की है। क्यों नहीं इनके लिए अलग से मंत्रालय होता है। मैं चाहता हूं कि इनके लिए अलग से मंत्रालय बनाया जाए।

दूसरी बात यह है कि संविधान के जो निर्माता कहे जाते हैं यह कितनी शर्म की बात है कि उनका सैंट्रल हाल में फोटो तक नहीं है। यह गवर्नमेंट के लिए बहुत लज्जाजनक बात है। उनका फोटो सैंट्रल हाल में होना चाहिए।

आपने इनके लिए 1959 से लेकर 1966 तक एक अरब रुपया खर्च किया है। लेकिन 1966-67 में आ कर आपने 33 प्रतिशत और 1967-68 में 35 प्रतिशत की कटौती कर दी है। यह क्यों की गई है? क्या इनका उत्थान हो गया है? रोजाना हम अखबारों में पढ़ते हैं और कानों से सुनते हैं कि इनकी उन्नति नहीं हुई है।

जहां तक रिजर्वेशन का सम्बन्ध है, सीटें भर ली जाती हैं और कह दिया जाता है कि अब कोई जगह खाली नहीं है। ऐसी रिजर्वेशन का क्या फायदा। दो सौ सीटें हुई और उन को आपने भर लिया और इनको इनका कोटा नहीं दिया तो उस रिजर्वेशन का क्यों फायदा। आप देखें कि कितनी जगहें इनको मिली हैं। 1-1-59 से आप देखें कि ए क्लास की 10403 पोस्ट्स हुई। उनमें से 123 अनुसूचित जातियों के और 118 अनुसूचित आदिम जातियों के लोगों को मिलनी चाहिये थीं लेकिन मिली केवल क्रमशः 17 और 16 प्रतिशत। कहा जाता है कि लायक लड़के नहीं मिलते। अच्छे-अच्छे लायक लड़के हैं लेकिन कह दिया जाता है कि वे नालायक हैं, ठोकरें खाते फिर रहे हैं लेकिन कहा जाता है कि क्वालिफाइड नहीं मिलते हैं। इंटरव्यू होती है तो कह दिया जाता है कि ये अयोग्य हैं, लायक नहीं हैं। जिन्होंने यूनिवर्सिटीज से सर्टिफिकेट प्राप्त किये हैं या जिन्होंने आई. ए. एस. किया है क्या वे नालायक थे कि उन्होंने ऐसा कर लिया, कैसे उन्होंने सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिये। इतनी मुश्किलें से वे अपनी पढ़ाई खत्म करते हैं लेकिन जब नौकरी की बात होती है तो कह दिया जाता है कि उनके लिए नौकरी नहीं है।

